सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-426
13/09/2017

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की, केन्द्रीय मंत्री के समक्ष सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 25 लाख रूपये का अंशदान

पटना 13 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड की ओर से अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर0एन0 मिश्रा ने 25 लाख रूपये का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता, श्री अर्जित शाश्वत चौबे, श्री अविरल चौबे, श्री धनंजय चौबे तथा श्री मनीष कुमार तिवारी उपस्थित थे।

******